# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में दिनांक 14.10.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 14.10.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई से QA/QC उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में उपस्थित जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता द्वारा आई0जी0आर0एस0 के सम्बन्ध में विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें पाया गया कि वर्तमान में जनपद में अधिक संख्या में शिकायतें लंबित है जिस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि लम्बित शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करते हुए शिकायतों की संख्या को कम करने के साथ Incoming Complaint को भी कम करना सुनिश्चित करें। Incoming Complaint की संख्या कम करने के लिए जल निगम के अधिशासी अभियन्ता तथा कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 लि0 के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि जनपद में समस्त ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर तैनात पम्प ऑपरेटर, समस्त मजरों का भ्रमण करते रहें तथा जनसामान्य से शिकायतों को प्राप्त कर अपने रजिस्टर में अंकित करें तथा जूनियर इंजीनियर शिकायतों का निस्तारण एन0सी0सी0 लि0 के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें तथा सहायक अभियन्ता निस्तारित समस्याओं का औचक परीक्षण करें। किसी भी दशा में अगले माह में जन–शिकायतें अधिक प्राप्त नहीं होनी चाहिए। साथ ही जल निगम ग्रामीण के समस्त जूनियर इंजीनियर भी अपने–अपने क्षेत्रों का नियमित रूप से भ्रमण कर शिकायत पंजिका का अवलोकन करते रहें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, सहा0अभि0 / जू0इंजी0 जल निगम ग्रामीण एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

2. समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा प्रस्तुत प्रगति पुस्तिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–3 में जनपद में कुल 615 ओवरहेड टैंक बनाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके सापेक्ष अब तक कुल 399 ओवरहेड टैंक निर्मित हुए हैं। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अवशेष ओवरहेड टैंक के निर्माण कार्य भी अतिशीघ्र पूर्ण करें

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

AE/AE/JE/NCCL
PM DPMU
07/11/2025

3. अधोहस्ताक्षरी की समीक्षा बैठक में प्रस्तुत प्रगति पुस्तिका के अवलोकन से यह भी ज्ञात हुआ कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 1865 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष अब तक कुल 1550 राजस्व ग्रामों में नियमित रूप से क्लोरीन युक्त जलापूर्ति की जा रही है। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि जलापूर्ति किए जा रहे राजस्व ग्रामों में निरन्तरता बनाये रखने के लिये पाइप लाइन में हो रहे लीकेज आदि के मरम्मत कार्यों के साथ अन्य कार्य तत्काल मरम्मत कराये जायें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

Digitally signed by
ANUNAYA JHA
Date: 06-11-2025
13:42:12

**(अनुनय झा)**
जिलाधिकारी
हरदोई।

# कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

पृ0सं0 18119 / ओ0एस0-70 / 5925 **दिनांकः** 7/11/25

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, आई.एस.ए./आई.ई.सी. कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0, हरदोई को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी
हरदोई।